**Dainik Jagran, Delhi, 05/01/2026**
Page No: 8, Size: 5.21cm × 11.69cm

# गेल गैस ने सीएनजी और पीएनजी का मूल्य घटाया

**नई दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस वितरण कंपनी गेल लिमिटेड ने अपनी सभी अधिकृत क्षेत्रों में वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी एक रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली पीएनजी के मूल्य में एक रुपये प्रति मानक घन मीटर की कटौती की है। यह कटौती एक जनवरी 2026 से उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा में गेल गैस के सभी भौगोलिक क्षेत्रों में लागू हो गई है। गैस नियामक पीएनजीआरबी की ओर से परिवहन टैरिफ में बदलाव के कारण कीमतों में यह कमी हुई है। (वि.)